कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ—226007

संदर्भ संख्या : R/483 /सम्बद्धता अनु./2022

दिनांक : 13/04/2022

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

सेवा में,

प्रबन्धक,
श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज,
चांदसरांय, गोसाईंगंज, लखनऊ।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रम** की अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक स्थलीय निरीक्षणोपरान्त प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रम** की अस्थायी सहयुक्तता हेतु गठित निरीक्षण मण्डल की प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या में प्राप्त संस्तुति एवं महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक **12.04.2022 के मद संख्या : 34(31)** द्वारा **बी0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रम** की **सत्र 2022—23 से तीन वर्षों** हेतु अस्थायी सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :—

1. **मानकानुसार शिक्षकों के अनुमोदन/नियुक्ति के उपरान्त संदर्भित पाठ्यकम/ विषय में प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली जायेगी। प्रवेश की अनुमति के बिना यदि प्रवेश लिया जाता है तो विश्वविद्यालय उनकी परीक्षायें नहीं करायेगा जिसके लिए विश्वविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।**
2. समय—समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
3. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
4. महाविद्यालय की वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।
5. महाविद्यालय द्वारा छात्र/शिक्षकों का अनुपात बनाये रखा जायेगा।
6. संस्थान द्वारा प्रवेश व परीक्षा आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर—एम, आशियाना, लखनऊ।
2. गार्ड फाईल।

कुलसचिव